Title: Need for sale of all types of coal in open market and also to fix an appropriate rate for sale of rejected coal* -laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, सेंट्रल कोल फिल्डस लिमिटेड एवं भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में रिजेक्टेड कोल एवं सलरी का काफी मात्रा में भंडार होता जा रहा है और सलरी का कुछ हिस्सा उड़कर बर्बाद हो रहा है । साथ ही साथ प्रदूषण फैला रहा है। इनके दाम काफी ऊंचे रखे जाने के कारण बिक्री नहीं होती। इसी प्रकार कोयला का मुक्त बाजार में बिक्री नहीं होने के कारण कोल उद्योग में अनियमितताएं व्याप्त हैं। दोनों सहायक कम्पनियां घाटे में चलने के बावजूद अपनी बिक्री बढ़ाने में नाकाम हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि कोयले की बिक्री खुले बाजार में की जाये एवं सलरी और रिजेक्टेड कोल की बिक्री एक आदर्श एवं उचित दर पर सुनिश्चित करने हेतु प्रबंधन को निर्देशित किया जाए। साथ ही साथ सलरी एवं रिजेक्टेड कोल की बिक्री न करने के कारण कम्पनी में बढ़ते घाटे के लिए प्रबंधन के विरुद्ध उचित कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।